भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.229

दिनांक 14 **सितम्बर**, 2020

प्रधानमंत्री उज्जवला योजना (पीएमयूवाई) के अंतर्गत लाभार्थी

229. **श्रीमती अन्नपुर्णा देवीः**
श्रीमती प्रमिला बिसाईः
श्रीमती पूनमबेन माडमः

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अप्रैल-अगस्त, 2020 के दौरान प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या सहित देश में इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी परिवारों की कुल संख्या राज्य-वार कितनी है;
(ख) झारखंड में विशेषकर झारखंड राज्य के कोडरमा और गिरीडीह जिलों में पीएमयूवाई के लाभार्थी परिवारों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ग) गुजरात में आज की तिथि के अनुसार उज्जवला योजना के अंतर्गत जिला-वार कितने परिवारों को गैस कनैक्शन प्रदान किए गए हैं;
(घ) क्या इस संबंध में उक्त योजना के अंतर्गत इन जिलों के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया गया है यदि हां, तो लक्ष्य का ब्यौरा क्या है और लक्ष्य को किस हद तक प्राप्त किया गया है;
(ङ) अप्रैल-अगस्त, 2020 के दौरान उज्जवला योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के लिए कुल कितनी राशि व्यय की गई/अंतरित की गई; और
(च) क्या सरकार का विचार पूरे वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए उज्जवला योजना का लाभ देने का है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री
(श्री धर्मेन्द्र प्रधान)

(क) पीएमयूवाई ने दिनांक 7 सितंबर, 2019 को 8 करोड़ लाभार्थियों का लक्ष्य हासिल कर लिया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत जारी एलपीजी कनेक्शनों का राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ख) झारखंड राज्य में पीएमयूवाई लाभार्थियों की कुल संख्या 32.61 लाख है, जिसमें कोडरमा जिले में 0.65 लाख और गिरिडीह जिले में2.82 लाख हैं।

(ग) और (घ) पीएमयूवाई के तहत कोई जिले-वार लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया था। गुजरात राज्य में जारी एलपीजी कनेक्शनों का जिले-वार ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है।

(ड.) पीएमजीकेवाई के तहत एलपीजी रिफिलों की खरीद के लिए तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) ने पीएमयूवाई लाभार्थियों को अप्रैल से अगस्त 2020 के दौरान 9670.41 करोड़ रु की राशि अंतरित की है।

(च) उज्ज्वला योजना के लाभार्थी पूरे वर्ष में सिलेंडर खरीद सकते हैं ।

*****

"पीएमयूवाई के अंतर्गत लाभार्थी" के संबंध में श्रीमती अन्नपूर्णा देवी द्वारा दिनांक 14.09.2020 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 229 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक	
राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	**जारी किए गए एलपीजी कनेक्शन**
अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह	12,436
आंध्र प्रदेश	3,91,860
अरुणाचल प्रदेश	44,699
असम	34,84,901
बिहार	85,37,893
चंडीगढ़	88
छत्तीसगढ़	29,89,440
ददरानंद नगर हवेली	14,747
दमन और दीव	427
दिल्ली	76,855
गोवा	1,082
गुजरात	29,01,059
हरियाणा	7,30,928
हिमाचल प्रदेश	1,35,966
जम्मू और कश्मीर	12,30,998
झारखंड	32,61,556
कर्नाटक	31,46,300
केरल	2,56,302
लद्दाख	11,082
लक्षद्वीप	290
मध्य प्रदेश	71,54,600
महारा ट्र	44,28,682
म णपुर	1,56,598
मेघालय	1,50,744
मिजोरम	28,118
नगालैंड	55,140
ओ डशा	47,40,385
पुडुचेरी	14,377
पंजाब	12,24,218
राजस्थान	63,68,525
सिक्किम	8752
तमिलनाडु	32,41,417
तेलंगाना	10,72,321
त्रिपुरा	2,71,888
उत्तर प्रदेश	1,47,56,494
उत्तराखंड	4,04,566
पश्चिम बंगाल	88,56,695

अनुलग्नक - II

"पीएमयूवाई के अंतर्गत लाभार्थी" के संबंध में श्रीमती अन्नपूर्णा देवी द्वारा दिनांक 14.09.2020 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 229 के भाग (ग)और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक	
जिला	**जारी किए गए एलपीजी कनेक्शन**
अहमदाबाद	1,41,849
अमरेली	55,990
आणंद	1,17,901
अरवाल्ली	1,12,631
बनास काँठा	2,34,197
बैटोड	62,361
भ च	97,245
भावनगर	95,377
छोटाउदयपुर	65,453
देवभूमि द्वारका	40,286
दोहाद	1,83,390
गांधीनगर	76,082
गिर सोमनाथ	71,697
जामनगर	69,520
जूनागढ़	67,757
क छ	95,907
खेड़ा	1,18,815
महेसाणा	1,25,589
महिसागर	57,432
मोरबी	47,328
नर्मदा	30,245
नवसारी	84,508
पांच महल	1,08,678
पाटन	1,07,824
पोरबंदर	29,494
राजकोट	98,908
सबर कांठा	1,11,679
सूरत	74,872
सुरेंद्रनगर	82,716
तापी	63,837
द डंग्स	19,529
वडोदरा	71,033
वलसाड	80,929
योग	29,01,059